एक नजर

खेलों को प्रोत्साहन हेतु नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा आर्यावर्त क्रिकेट क्लब को नेट प्रदान

बुरहानपुर। नगर पुलिस अधिक्षक गौरव पाटिल ने कहा कि जिला स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने और युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश द्वारा जिले में खेलों को बढ़ावा देने हेतु निर्देश दिए गए हैं। दिनांक 06 नवंबर 2025 को गौरव पाटिल, नगर पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी बुरहानपुर द्वारा खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और जिले में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आर्यावर्त क्रिकेट क्लब,लालबाग बुरहानपुर को क्रिकेट नेट प्रदान की गई। खिलाड़ियों की अभ्यास सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए यह पहल की गई। नेट प्रदान करने का उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासनए नियमित अभ्यास और खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया। खिलाड़ियों ने इस पहल के लिए जिला प्रशासन एवं खेल विभाग का आभार व्यक्त किया। युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना जिले को खेल क्षेत्र में अग्रणी बनाना।

नेपानगर में एडीबी सहायतित जलावर्धन योजना को लेकर बैठक संपन्न

बुरहानपुर। गुरूवार को नगर परिषद नेपानगर में नगर की जलावर्धन योजना के विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की वर्तमान प्रगतिए कार्य की गुणवत्ता एवं जनहित से जुड़े पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक तीन वार्ड पर एक दल गठित किया जाएगाए जो योजना की गहन समीक्षा करते हुए समस्याओं का शत.प्रतिशत निवारण सुनिश्चित करेगाए ताकि जलावर्धन योजना का संचालन निर्बाध रूप से हो सके। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती भारती पाटिल, उपाध्यक्ष श्रीमती सरला काटकर, प्रवीण काटकर, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मोहन अलावे, उपयंत्री विजय सिंह, परियोजना प्रबंधक प्रमोद कुमार गढ़वाल, उप परियोजना प्रबंधक राहुल पंवार, सामुदायिक विकास अधिकारी बनवारीलाल यादव,फील्ड इंजीनियर संदीप मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। लेख है कि नेपानगर में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की खरगोन इकाई द्वारा एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से जल प्रदाय परियोजना पर कार्य किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नगरवासियों को स्वच्छ, पर्याप्त एवं सतत जल आपूर्ति उपलब्ध कराना है।

पुलिस विभाग द्वारा हार्टफुलनेस ध्यान सत्र शिविर का किया आयोजन

बुरहानुपर। पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारीयो के स्वास्थ व तनावमुक्ति जीवन को संतुलन बनाए रखने हेतु, थाना कोतवाली में किया गया ध्यान योग कार्यशाला का आयोजन'। पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग के कर्मचारीयों के लिए हार्टफुलनेस ध्यान सत्र शिविर का किया गया आयोजन। जिला बुरहानपुर में दिनांक 06/11/25 को हार्टफुलनेस ध्यान शिविर का आयोजन थाना कोतवाली परिसर में किया गया। इस ध्यान सत्र शिविर मे थाना कोतवाली पुलिस कर्मियों के लिए किया गया द्य उक्त शिविर का आयोजन का उद्देश्य पुलिस कर्मियों के स्वस्थ्य और तनाव मुक्त जीवन ॉ काम एवं पारिवारिक जीवन में संतुलन बनाए रखने के साथ ही एकाग्रता बढ़ाने एवं कार्य कुशलता में वृद्धि के लिए अत्यंत लाभदायक है। इस ध्यान सत्र शिविर में प्रशिक्षक सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा ध्यान योग करवाया गया जिसमें थाना कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया गया।

युवा संगम मेला 7 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से

बुरहानपुर। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बुरहानपुर में 7 नवम्बरए 2025 को प्रात: 10 बजे से युवा संगम मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेला में महाराष्ट्र राज्य की प्रतिष्ठित कंपनियां एलएपीएल ऑटोमोटिव प्राण्लिमिएए पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट प्राण्लिमिए एवं धूत ट्रांसमिशन प्राण्लिमिए द्वारा सहभागिता की जायेगी।

नवीन किस्मों के बीज का उपयोग करें

बुरहानपुर। उपसंचालक कृषि एम.एस.देवके ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में गेंहू के नवीन किस्मों के बीज उपलब्ध हैए जो बायो फोर्टीफाइड प्रकार की है, जिसमे एच.आई.1650 ,पूसा ओजस्वी, एच.आइ.1634 पूसा अहिल्या, एच.आई.1544 ,पूर्णा,एच.आई.1655, जी डब्ल्यू.322 एवं जे डब्ल्यू.513 उपलब्ध हैए जिनमें फरवरी अंत में तापमान में कमी होने पर भी सहनशीलता है। चना में सूखने की बीमारी से बचाव के लिए कृषकगण बीज का उपचार करेए बीजोपचार कार्बेन्डाजिम एवं थायरम को मिक्स कर 3 ग्राम प्रति किलो बीज से उपचारित करे या ड्रायकोडर्मा 10 ग्राम प्रति किलो से बीज उपचार करे,चना की नवीन किस्मों में आर.व्ही.जी..202, 204 एवं पूसा.20211 का उपयोग करे।

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ :7 नवम्बर को परमानन्द गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में

बुरहानपुर। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगाँठ के अवसर पर 7 नवम्बरए 2025 को जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन में आंशिक संशोधन करते हुए अब कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 9:30 बजे से परिवर्तित स्थान परमानन्द गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम बुरहानपुर में आयोजित रहेगा। पूर्व में यह आयोजन शाही किला बुरहानपुर पर किया जाना था। कार्यक्रम में स्वदेशी अपनाएँ् की शपथ दिलाई जावेगी। तदुपरांत प्रात: 10 बजे से नई दिल्ली से प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति मेरी असीम श्रद्धा व लगाव है, जिसमें मैं कभी कमी नहीं होने दूंगा : टेकाम

अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम के प्रथम नगर आगमन पर सांसद कार्यालय बुरहानपुर में नेपानगर विधायक ,भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी। सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ भारती, भगवान बिरसा मुंडा व जननायक टंट्या मामा के चित्र पर माल्यार्पण किया।

कार्यकर्ताओं से मिले अपार स्नेह से मैं अभिभूत हूं. श्री टेकाम

इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने कहा कि भाजपा राजनीतिक दल के साथ एक परिवार है। पार्टी कार्यकर्ता परिवार के सदस्य हैं। पार्टी संगठन मजबूत हो,हर कार्यकर्ता को सम्मान महसूस हो, इसका मैं पूरा प्रयास करूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए मैं दिन.रात खड़ा रहूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति मेरी असीम श्रद्धा व लगाव है, जिसमें मैं कभी कमी नहीं होने दूंगा।

टेकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कई जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाएं चला रही हैं, जो लोगों के जीवन में बदलाव लाने कार्य कर रही हैं। लोगों के जीवन में बदलाव लाने सभी कार्यकर्ता गांव.गांव जाएं और जन.जन तक भाजपा सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं को बताएं और उनका लाभ दिलाने का प्रयास करें। जनता को जनहितैषी योजनाओं का लाभ मिले,तभी प्रदेश और देश का विकास होगा और भारत विश्व गुरू बनेगा।

उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस पर 11 से 15 नवंबर तक यात्रा के साथ ही कई आयोजन होंगे। बुरहानपुर जिले में भी यह आयोजन बहुत ही शानदार होने जा रहा है। आज आप सभी कार्यकर्ताओं से मिले अपार स्नेह से मैं अभिभूत हूं। आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इस दौरान उनके द्वारा नेपानगर विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने, नेपानगर की पूर्व विधायक श्रीमती सुमित्रा कासडेकर द्वारा भी संबोधित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष भरत पटेल, महामंत्री राहुल जाधव,भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील सहित पार्टी के पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महामंत्री सुभान चौहान ने किया तथा आभार जिला पंचायत सदस्य अशोक पटेल ने माना।

जनजातीय गौरव दिवस पर बुरहानपुर में भी होंगे विभिन्न कार्यक्रम . डॉ .मनोज माने

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम के प्रथम नगर आगमन पर जिला भाजपा कार्यालय पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष श्री पंकज टेकाम युवा मोर्चा एवं भाजपा के विभिन्न पदो पर रहते हुवे आज प्रदेशाध्यक्ष तक पहुचे है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में दिर्ध अनुभव का लाभ मोर्चा को मिलेगा। मध्य प्रदेश में जनजातीय गौरव दिवस पर 11 से 15 नवंबर तक यात्रा के साथ ही कई आयोजन होंगे। बुरहानपुर जिले में भी यह आयोजन शानदार होने जा रहा है। इसी को लेकर आप प्रवास पर बुरहानुपर आए है। श्री टेकाम द्वारा भारत रत्न ,पुर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की समाधी पर समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पांजली अर्पित की। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने इस अवसर पर कहा कि वे निरंतर प्रवास पर है। जनजातीय गौरव दिवस पर 11 से 15 नवंबर तक प्रदेश भर में यात्रा के साथ ही कई आयोजन होंगे। बुरहानपुर जिला भाजपा द्वारा भी तैयारीयां की गई है। आयोजन शानदार होगा मझे विश्वास है। आयोजन पश्चात पुन: प्रवास पर रहुंगा। तब मंडल स्तर तक पहुचकर भाजपा को गांव -गांव तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुचायेगें। स्वागत के लिए आप सभी का आभार। उपरोक्त जानकारी देते हुवें भाजपा जिला सह मिडिया प्रभारी राकेश पुर्वे ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, नेपानगर विधायक सुश्री मंजु दादु , पुर्व विधायक श्रीमती समित्रा कास्डेकर, जिला महामंत्रीगण चिंतामन महाजन, राहुल जाधव, सुभानसिह चौहान, पुर्व जिलाध्यक्ष दिलिपभाई श्रॉफ ,युवानेता समर्थ चिटनिस, युवानेता गजेन्द्र पाटील, सांसद प्रतिनिधी मनोज भाई टंडन, अजा मोर्चा अध्यक्ष ईश्वर चौहान, पिछडा मोर्चा अध्यक्ष सुनिल वाद्ये, भाजपा पार्षद संभाजी सगरे, पुर्व पार्षद किशोर राठौर सहित जिला भाजपा पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष में कल ग्राम लोनी से पदयात्रा

भाजपा जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के साथ पदयात्रा स्थल और रूट का किया निरीक्षण।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के नेतृत्व में 8 नवंबर को ग्राम लोनी में निकलने वाली विशाल पदयात्रा स्थल व मार्ग का गुरुवार को भाजपा जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। पदयात्रा बुरहानपुर विधानसभा के ग्राम लोनी से प्रारंभ होंगी और बहादरपुर में समापन होंगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मनोज माने ने कहा की देश की एकता, अखंडता के लिए सरदार पटेल जी ने जो योगदान दियाए वो अनुकरणीय है। देश मे पदयात्राएं आयोजित की जा रही हैं।

बुरहानपुर में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के नेतृत्व में यह पदयात्रा निकलेंगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और एकता की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है।

यह रहेंगा रूट:- 8 नवंबर शनिवार को सुबह 9 बजे ग्राम लोनी में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ पदयात्रा प्रारंभ होंगी जो ग्राम के विभिन्न मार्गों से होते हुए ग्राम बहादरपुर के मुख्य बाज़ार स्थल पर पहुँचेंगी यहां समापन होगा।

कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारीयो के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन,पूर्व महापौर अतुल पटेल,अनिल भोसले, मनोज टंडन,भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील, आदित्य प्रजापति,संभाजी सगरे, लक्ष्मण महाजन,गोपाल महाजन, मनोज महाजन, रमेश महाजन,विनोद कोली,सुरेश सोनी, विजय उमाले,महेंद्र चौधरी, उमेश शाह,भरत रावल, अपर कलेक्टर वीर सिंह,तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

हैदरपुर में निकली प्रभात फेरी,भक्ति रस में डूबे ग्रामीण

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। हर साल की तरह इस साल भी ग्राम हैदरपुर में गुरुवार तड़के रामदेव जी महाराज के भक्तों द्वारा विशाल प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह 5 बजे से 7 बजे तक निकली इस प्रभात फेरी में गांव के सैकड़ों महिलाए पुरुष और बच्चों ने हिस्सा लिया। पूरे ग्राम में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु भजन,कीर्तन पर झूमते और थिरकते नजर आए।

श्रद्धालुओं का उत्साह इतना जबरदस्त रहा कि प्रभात फेरी जैसे जैसे गांव में आगे बढ़ती गई वैसे वैसे लोगों की भीड़ और बढ़ती गई। जगह जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्पवर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया।

भक्तों का कहना है कि वे हर वर्ष रामदेव जी की इस परंपरा को निभाते आए हैं और इस बार भी पूरे उल्लासए भक्ति और ऊर्जा के साथ प्रभात फेरी निकाली गई।

ठाकुर संतोष सिंह प्रदेश महामंत्री बने

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को तत्परता से उठाने वाले,दृढ़ता से कार्य करने वाले एसंघर्ष की मिसाल, कर्मचारी क्षेत्र का जाना माना नाम विगत 35 वर्षों से कर्मचारियों की समस्याओं को अपनी समस्या जानकर लड़ने वाले संघर्षशील ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित को शासन से मान्यता प्राप्त संगठन मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस का फिर से महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया यह उपलब्धि ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित को दोबारा प्राप्त हुई है मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र क्रमांक /फ़/ 6/1/2024 के बिंदु क्रमांक 33 में शासन से मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठन के अंतर्गत नियुक्ति की गई है उपरोक्त नियुक्ति सरक्षक वीरेंद्र खोंगल,प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र निगम के अनुशंसा से उत्तरदायित्व सोपा गया है जिसमें मध्य प्रदेश शासन के समस्त विभागों में आप कर्मचारीयो की जो

भी समस्या होगी , उसके लिए आप प्रतिनिधित्व करेंगे। आपकी इस उपलब्धि पर अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय राऊत,शिक्षक संघ के प्रांतीय सचिव अमर पाटील, जिला अध्यक्ष धनराज पाटील ,संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ अशफाक खान, शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौकसे, अपेक्स के राज कुमार मंडलोई, अजेक्स के राजेश साल्वे,नेशनल मूवमेंट के श्रीमती प्रमिला सगरे ,कल्पना पवार,ज्योति पाटील, शारदा शाह,अनिल बाविस्कर, विजेश राठौर,मनीष गंगराड़े,श्रीकांत गंगराड़े, सुनील पाटिल, शेख मोहम्मद सचिन हबीर, राजेश पाटील, हीरालाल प्रजापति, अनिल सातव, नईम उर रहमान, सैयद शहजाद अली विभिन्न संगठन द्वारा बधाई प्रेषित की गई इस अवसर पर दीक्षित ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी निभाई दी है मैं उसको पूर्ण ईमानदारी से निभाऊंगा।

सीएमडी ने कहा, टीम स्पिरिट और हेल्दी कॉम्पिटिशन ही कार्यक्षेत्र की असली ताकत

. नेपा लिमिटेड में खेल सप्ताह का शुभारंभ

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। एशिया की सबसे बड़ी और पुरानी शासकीय कागज मिल होने का गौरव प्राप्त नेपा लिमिटेड में बुधवार दोपहर नेहरू स्टेडियम स्थित मुदलियार बैडमिंटन हॉल में खेल सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल ने दीप प्रज्वलित कर स्पोर्ट्स वीक का आगाज किया।

सीएमडी ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासनए एकाग्रता और टीम भावना का विकास करते हैं। स्वस्थ शरीर ही श्रेष्ठ कर्म का आधार है। नेपा परिवार को इसी जोश और एकता के साथ हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए।

निदेशक वित्त प्रदीप कुमार नाइक ने कहा खेल हमें लक्ष्य तक पहुंचने की प्रेरणा देते हैं। मैदान की ऊर्जा कार्यस्थल पर भी सकारात्मक वातावरण बनाती है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने

का संदेश दिया। मुख्य महाप्रबंधक व कारखाना प्रबंधक राम अलागेसन ने कहा स्पोर्ट्स वीक का उद्देश्य कर्मचारियों में आपसी सहयोग और सौहार्द बढ़ाना है। खेलों से मन और तन दोनों प्रफुल्लित होते हैं। पहली प्रतियोगिता के रूप में शटल कॉक टूर्नामेंट आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया खेल सप्ताह के तहत इनडोर खेलों में बैडमिंटनए टेबल टेनिसए कैरम और शतरंजए वहीं आउटडोर खेलों में क्रिकेटए फुटबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। यह खेल सप्ताह सात दिनों तक जारी रहेगा।

इस दौरान उप महाप्रबंधक कार्य व वाणिज्य सुरेन्द्र कुमार मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन ज्ञानेश्वर खैरनार, प्रबंधक विपणन प्रशांत कुमार बैथालू, प्रबंधक विद्युत किशोर महाजन, प्रबंधक अनुरक्षण विजय चौधरी, उप प्रबंधक पावर हाउस सुधीर कुमार पटले,उप प्रबंधक पावर हाउस स्वतंत्र कुमार कसेरा,प्रभारी विभागाध्यक्ष डीआईपी संयंत्र देवेंद्र महोबेए सुमंत कानफाड़े, किशन पटेल,प्रशांत सोनी, चिराग चौधरी, अंकुर गोयल, संजय पवार, दिनेशचंद्र सोवले, उदेश नकुलए देवेंद्र पांडेय, शिरीष येलवनकर, आशुतोष मिश्रा, नीलेश पाटिल, संजय महाजन,राजेश सविता, प्रांजल तिवारी, संजय पालेकर सहित कई नए और पुराने खिलाड़ी उपस्थित रहे।

एक नजर — **विशेष गहन पुनरीक्षण .2026 : जिले में एसआईआर कार्य की नियमित मॉनिटरिंग जारी .....**

कार्य में समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विशेष गहन पुनरीक्षण.2026 के तहत जिले में मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में जिले में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर पहुंचकर गणना पत्रक प्रदान करनेए भरवाने एवं वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने इस कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

इसी कड़ी में गुरूवार को अधिकारियों द्वारा फील्ड कार्यों का अवलोकन किया गया। अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान द्वारा ग्राम बहादरपुर में एसआईआर कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने गणना पत्रक वितरण कार्य का जायजा लिया

और निर्देशित किया कि वितरण कार्य निर्धारित समय.सीमा के भीतर पूरा किया जाए। निरीक्षण की कड़ी में अधिकारियों द्वारा ग्राम बालापाट में किये जा रहे मैपिंग कार्य का भी अवलोकन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह ने निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी.कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि एसआईआर कार्य में आने वाली समस्याओं का तुरंत और शीघ्र निराकरण किया जाएए ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे।

निर्वाचन संबंधी कार्यों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण में अधिकारियों और बीएलओ को मतदाता सूची के शुद्धिकरण की नवीनतम प्रक्रियाओंए गणना पत्रक भरने के सही तरीके और बीएलओ ऐप के प्रभावी उपयोग के बारें में विस्तार से जानकारी दी गयी है। वहीं एसआईआर कार्य में सहयोग हेतु शिक्षकों को भी ट्रेनिंग देकर प्रशिक्षित किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि जब भी बीएलओ आपके घर आएं, तो उन्हें सही जानकारी देकर मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें।

अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निगम आयुक्त ने वार्डो में किया निरीक्षण

हर वोटर्स की वेरिफिकेशन के लिए घर घर सर्वे जारी:- विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जिसमें सभी मतदाताओं को अपना परीगणना फॉर्म भरकर बीएलओ के पास जमा करवाना होगा फार्म जमा नहीं करवाने पर आपका नाम मतदाता सूची में नहीं आएगा। अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव,सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार ने आज एस.आई.आर विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर आज शहर के वार्डो में डोर टू डोर अलग अलग बूथ पर जाकर निरीक्षण किया।

शहर के वार्ड नं 40 गुरुनानक वार्ड वार्ड 41 इंदिरा कॉलोनी वार्ड 42 रुईकर वार्ड में निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारियों से सभी से जानकारी प्राप्त की तथा लोगों को भी एस.आई.आर विशेष गहन पुनरीक्षण की जानकारी बताई गई और समय पर अपने.अपने पत्र तैयार कर बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा करने के लिए कहा गया। विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। आप सभी को बीएलओ द्वारा परिगणना फॉर्म उपलब्ध करवाया जाएगा। जिसे निश्चित समय में भरकर ठस्व् के पास जमा करवाना होगा। फॉर्म के साथ आपको 11 दस्तावेजों की सूची में से कोई भी दस्तावेज अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। बीएलओ प्रक्रिय में आप अपने परिवार व आसपास के लोगों तक इसकी सूचना पहुंचाएं। उन्हें भी दस्तावेज तैयार करने के लिए प्रेरित करें, जिससे पारदर्शी मतदाता सूचियों का निर्माण हो सके । आपका वोट आपका अधिकार है। जागरूक मतदाता बनें व परिगणना फॉर्म भरकर अपने बीएलओ को जमा करवाएं।